साथ कार्य करेंगे आरडीसीआइएस व आइआइएम

रांची. आरडीसीआइएस (सेल) और आइआइएम रांची के बीच शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया. सेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उज्ज्वल भास्कर ने बताया कि दोनों इस्पात बनाने की सिंटरिंग प्रक्रिया में बेस मिक्स तैयार करने और प्रक्रिया की गुणवत्ता में उत्कृष्टता लाने में सहयोगात्मक कार्य करेंगे. समझौता के तहत एक डेटा एनालिटिक्स मॉडल संयुक्त रूप से विकसित किया जायेगा. इसके परिणामस्वरूप कोक दर, लागत तथा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आयेगी. मौके पर आइआइएम की ओर से प्रो एस बेरा तथा आरडीसीआइएस की ओर से एस गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक (आयरन) ने किया. मौके पर निदेशक आइआइएम डीके श्रीवास्तव और कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआइएस निर्विक बनर्जी, प्रो रोजर्स सहित अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 14.01.2023, Pg. 03